टिप्पण : मूल नियम, सा.का.नि. सं. 2722 तारीख 29-11-75 द्वारा अधिसूचित किए गए थे और तत्पश्चात् निम्नलिखित द्वारा उनका संशोधन किया गया : सा.का.नि. सं. 429 तारीख 5-5-84।

[संख्या 213/2/87-ए.वी.डी.II]

जी. सीतारामन, अवर सचिव

MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES & PENSIONS

(Department of Personnel & Training)

New Delhi, the 21st July, 1987

G.S.R. 591.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Central Bureau of Investigation (Deputy Legal Advisor) Recruitment Rules, 1975, namely :—

1. These rules may be called he Central Bureau of Investigation (Deputy Legal Adviser) Recruitment Rules, 1987.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Central Bureau of Investigation (Deputy Legal Adviser) Recruitment Rules, 1975, in column 6, for the entry, the following shall be substituted, namely:—

"Not exceeding 45 years (Relaxable for Government servants upto 5 years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government).

Note : The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (other than those in Andaman Islands and Lakshadweep)."

Foot Note : The principal rules were notified vide GSR No. 2722 dated the 29-11-1975 and were subsequently amended vide GSR No. 429 dated 5th May, 1984.

[No. 213/2/87-AVD. II]

G. SITARAMAN, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 15 जुलाई, 1987

सा.का.नि. 592.—केन्द्रीय सरकार, तस्कर और विदेशी मुद्रा छल-साधक (संपत्ति समपहरण) अधिनियम, 1976 (1976 का 13) की धारा 26 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, समपहृत संपत्ति अपील अधिकरण (अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा की शर्तें) नियम, 1978 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम समपहृत संपत्ति अपील अधिकरण (अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा की शर्तें) संशोधन नियम, 1987 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. समपहृत संपत्ति अपील अधिकरण (अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा की शर्तें) नियम, 1978 में,—

(क) नियम 3 के उपनियम (3) में, "3500 रु. प्रतिमास" अंक और शब्दों के स्थान पर "8000 रु. प्रतिमास (निश्चित)" अंक, शब्द और कोष्ठक रखे जाएंगे;

(ख) नियम 4 में, "3000 रु. प्रतिमास संवलम" अंक और शब्दों के स्थान पर "7300-100-7600 रु. प्रतिमास वाले वेतन-मान में संवलम" अंक और शब्द रखे जाएंगे।

टिप्पण मूल नियम सा.का.नि. 395 (अ) द्वारा भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड 3, उपखंड (i), तारीख 4 अगस्त, 1978 में प्रकाशित किए गए थे। तत्पश्चात् उनका निम्नलिखित द्वारा संशोधन किया गया।

(1) सा.का.नि. 1177, तारीख 15-11-1980

(2) सा.का.नि. 953 (अ) तारीख 31-12-1985

[सं. 28/87/(फा.सं. 27/5/87-ए डी I सी)]

ए.के. सिन्हा, डैस्क अधिकारी

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 15th July, 1987

G.S.R. 592.—In exercise of the powers conferred by section 26 of the Smugglers and Foreign Exchange Manipulators (Forfeiture of Property) Act, 1976 (13 of 1976), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Appellate Tribunal for Forfeited Property (Conditions of Service of Chairman and Members) Rules, 1978, namely :—

1. (1) These rles may be called the Appellate Tribunal for Forfeited Property(Conditions of Service of Chairman and Members) Amendment Rules, 1987.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Appellate Tribunal for Forfeited Property (Conditions of Service of Chairman and Members) Rules, 1978,—

(a) in sub-rule (3) of rule 3, for the words and figures "Rs. 3,500 per mensem", the words figures and brackets "Rs. 8,000 (fixed) per mensem" shall be substituted;

(b) in rule 4, for the words and figures "a salary of Rs. 3,000 per mensem", the words and figures "a salary in the scale of pay of Rs. 7,300-100-7,600 per mensem" shall be substituted.

Note : Principal rules were published in Part II, Section 3, Sub-section (i) of the Gazette of India, Extraordinary in the issue dated the 4th August, 1978 with G.S.R. 395(E), subsequently amended by :—

(i) GSR 1177 dated 15-11-1980.

(ii) GSR 953(E) dated 31-12-1985.

[No. 28/87 (F. No. 27/5/87-Ad. IC)]

A. K. SINHA, Desk Officer

नई दिल्ली, 27 जुलाई, 1987

सा.का.नि. 593.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और निरीक्षण निदेशालय (सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क (वर्ग 1 और वर्ग 2 पद) भर्ती नियम, 1972 को, उन बातों के सिवाए अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया